अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय, भोपाल

मुगालिया कोट (सूखी सेवनिया), विदिशा रोड, भोपाल-462038 (म.प्र.)

ई-मेल-abvhvbpl@gmail.comवेबसाईट-www.abvhv.edu.in

क्रमांक 759 अबिवाहिंविवि / गोपनीय एफ-6 / 2021-22 भोपाल, दिनांक : 19/12/2022

तृतीय दीक्षांत समारोह 25 दिसम्बर 2022, रविवार
उपाधि/पदक प्राप्तकर्ताओं के लिए दिशा-निर्देश

1. विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में जारी अधिसूचना क्रमांक एफ -1 (55)/ 2022 स्थापना /अबिवाहिंविवि/3280भोपाल दिनांक 09.11.2022 के अनुक्रम में सूचित किया जाता है कि माननीय कुलाधिपति जी एवं मध्यप्रदेश के माननीय राज्यपाल महोदय की स्वीकृति के उपरांत अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय भोपाल का तृतीय दीक्षांत समारोह कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेशन सेंटर,राजाभोज सभागार, राजभवन के सामने, भोपाल में दिनांक 25.12.2022, रविवार पूर्वाह्न 11.30 बजे आयोजित किया जाएगा।

2. दीक्षांत समारोह में स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षाओं में वर्ष 2021 एवं 2022 में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को उपाधि/पदक प्रदान किये जाएगें।

3. एम.पी. ऑनलाइन/ऑफलाइन के माध्यम से दीक्षांत समारोह में उपाधि/पदक प्राप्त करने हेतु जिन विद्यार्थियों ने आवेदन किया है उन्हीं विद्यार्थियों को समारोह में उपस्थित होने की अनुमति प्रदान की जाएगी।

4. उपाधि प्राप्त करने हेतु आने वाले विद्यार्थी तथा पदक प्राप्तकर्ता किसी भी ऐसे विद्यार्थी को दीक्षांत सभागार में जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी जिसने विश्वविद्यालय द्वारा निम्नलिखित निर्धारित वेशभूषा धारण नहीं की होगी -

   अ. महिला विद्यार्थी - क्रीम रंग की साड़ी लाल बार्डर के साथ लाल ब्लाउज पहन कर आयेंगी।

   ब. पुरुष विद्यार्थी - सफेद कुर्ता के साथ सफेद चूड़ीदार पायजामा/सफेद पायजामा अथवा सफेद कुर्ता के साथ सफेद धोती पहन कर आयेंगे।

5. विश्वविद्यालय द्वारा केवल साफा एवं अंगवस्त्र उपलब्ध कराया जावेगा।

6. उपाधि/पदक प्राप्तकर्ता को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित साफा एवं अंगवस्त्र, विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में अधिसूचित सूचना के अनुसार दिनांक 23 तथा 24 दिसंबर, 2022 को विश्वविद्यालय परिसर के हिंदी विभाग से पंजीयन शुल्क रसीद दिखाकर समय 10:30 से 05:30 अनिवार्य रूप से प्राप्त करें।

7. विद्यार्थी विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित वेशभूषा धारणकर 25.12.2022, (रविवार) को प्रातः 09:30 बजे समारोह सभागार में अपने-अपने स्थान ग्रहण करें उनके लिए उपाधियों के अनुसार मंच के सम्मुख संकायवार/विषयवार स्थान सुरक्षित किए गए है।

8. सभी विद्यार्थी अपना आधारकार्ड अवश्य लेकर आएगें।

9. पदक विजेता अभ्यार्थियों के साथ परिवार के केवल दो सदस्य समारोह मे उपस्थित हो सकतें हैं।

10. दीक्षांत समारोह के पूर्वाभ्यास हेतु आने की सूचना पृथक से दी जावेगी।

11. दीक्षांत समारोह हेतु पूर्वाभ्यास एवं पदक प्राप्त करने के लिए समारोह स्थल आने हेतु विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी प्रकार का यात्रा व्यय इत्यादि नहीं दिया जावेगा।

(यशवंत सिंह पटेल)
कुलसचिव